28 6/24

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर टोडाभीम जिला गंगापुर सिटी

फर्द अहकाम

मु0न0ः– 07/2021

उनवानः– दयाराम बनाम गोपाल वगै0

पत्रावली पेश हुई, सायल वकील उपस्थित, सायल वकील की बहस सुनी गई। सायल वकील ने प्रार्थना पत्र मे वर्णित आराजीयात मे सायलान प्रत्येक 1/8–1/8 हिस्से के हिस्सेदार है। परन्तु सायलान की मॉ हरभेजी पत्नि रघुवीर की मृत्यु हो चुकी हैइस कारण सायलान प्रत्येक 1/6–1/6 हिस्से के हिस्सेदार है। शेष 1/2 हिस्से के दावे के प्रतिवादी न0 5 ता 9 खातेदार दर्ज रिकार्ड है। सायलान व दावे के प्रतिवादी न0 5 ता 9 मे मध्य घरू बटवारा पूर्व मे हो चुका है एवं सायलान व प्रतिवादीगण अपने हिस्से की आराजी को काश्त करते चले आ रहे है। सायलान के बटवारे मे ख0न0 336/0.39 है0 आया है जिस पर सायलान का कब्जा काश्त हे। परन्तु उक्त खसरा नम्बरान एवं सायलान की अन्य हिस्से की जमीन को गैरसायल न0 1 ता 4 जबरदस्ती हडपना चाहते है। जिनका हमारी खातेदारी से कोई वास्ता किसी प्रकार का नही है। इस कारण भूमि का विधिवत बटवारा होने तक गैरसायलान को पाबन्द फरमाया जाना आवश्यक एवं न्यायसंगत है। अतः न्यायालय हाजा द्वारा जारी अंतरिम अस्थाई निषेधाज्ञा दिनांक 15.01.2021 को ता दावा फैसला कन्फर्म किया जावे।

गैरसायल न0 1 ता 4 की और से दिनांक 06.02.2024 को ना तो स्वंय उपस्थित हुये नाही उनकी और से अधिवक्ता उपस्थित हुये इसलिये इनके विरूद्व उक्त दिनांक को एक पक्षीय कार्यवाही की गई।

सायल वकील की बहस पर मनन किया पत्रावली का अवलोकन किया। पत्रावली मे शामिल ग्राम जयसिंहपुरा की जमाबन्दी सम्वत 2074–77 के खाता न0 47 मे कुल किता 18 कुल रकवा 3.28 है0 मे सायलान व उनकी मॉ खातेदार काश्तकार दर्ज रिकार्ड है शेष हिस्से मे दावे के प्रतिवादीगण खातेदार काश्तकार दर्ज रिकार्ड है लेकिन गैरसायल न0 1 ता 4 खातेदार काश्तकार दर्ज नही है। गैरसायलान अनुपस्थित न्यायालय रहने से इनके विरूद्व एक पक्षीय कार्यवाही की गई । गैरसायल के विरूद्व एक पक्षीय कार्यवाही किये जाने से प्रथम दृष्टया प्रकरण सायलान के पक्ष मे साबित होने से न्यायालय हाजा द्वारा जारी अंतरिम अस्थाई निषेधाज्ञा दिनांक 15.01.2024 को ता दावा फैसला कन्फर्म किया जाता है।

निर्णय आज दिनांक 28.06.2024 को खुले न्यायालय मे लिखाया जाकर सुनाया गया।

पत्रावली फैशल शुमार नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

(सुनीता मीना)
उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर
टोडाभीम जिला गंगापुर सिटी

Signature Not Verified

Digitally signed by Sunita Meena
Date: 2024.09.10 11:04:20 IST
Reason: SelfAttested